केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION

के.मा.शि.बो./क्षे.का.(अज.)/ओलंपियाड/2024 दिनांक : 09.05.2024

प्रधानाचार्य/संस्था प्रमुख
क्षेत्रीय कार्यालय अजमेर के अंतर्गत
के.मा.शि.बो. से संबद्ध राजस्थान एंव गुजरात राज्य के सभी विद्यालय

विषय- हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित एंव विदेश मंत्रालय, भारत सरकार; केन्द्रीय विद्यालय संगठन द्वारा अनुमोदित 'अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड- 2024' और 'अमृत कुम्भ सम्मान- 2024' को केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अंतर्गत आने वाले सभी विद्यालयों में आयोजित करवाने हेतु ।

महोदय/ महोदया,

शिक्षा मंत्रालय, भारत द्वारा पारित **नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020** में हिन्दी भाषा/मातृभाषा को शिक्षा का माध्यम बनाने एंव विद्यालयों में हिंदी ओलंपियाड के आयोजन को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी श्रंखला में हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन भी विगत कईं वर्षों से देश-विदेश में छात्रों के समग्र हिन्दी ज्ञान को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की दिशा में प्रयासरत है।

हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार एवं विद्यार्थियों में हिंदी भाषा के ज्ञानवर्धन हेतु **कक्षा-1 से कक्षा-10** तक के विद्यार्थियों के लिए **अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड** का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता के आयोजन से विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता का आकलन, शुद्ध् वर्तनी एवं भाषा व्याकरण संबंधी ज्ञान में वृद्धि के साथ एक नई उमंग प्रेरित होगी।

- **कक्षा 1 व 2** के विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगिता एक ही चरण में आयोजित की जाएगी।
  कक्षा 3 से कक्षा 10 के प्रतियोगियों के लिए परीक्षा का आयोजन दो चरणों में किया जाएगा।
  प्रथम चरण की परीक्षा का आयोजन विद्यालय में ही किया जाएगा।
- **प्रथम चरण** की परीक्षा में विद्यालय स्तर पर कक्षा में **(80 प्रतिशत से अधिक)** अंक प्राप्त करने वाले प्रतियोगियों को **अंतर्राष्ट्रीय स्तर** पर आयोजित द्वितीय चरण की परीक्षा के लिए नामांकित किया जाएगा।
- **द्वितीय चरण** की परीक्षा का आयोजन '**हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन**' एवं **विद्यालय** द्वारा निर्धारित केंद्र पर किया जाएगा जिसकी सचूना नामांकित प्रतियोगियों के विद्यालय / हिंदी ओलंपियाड संयोजको को दी जाएगी।
- इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतियोगियों एंव शिक्षको को **प्रशस्ति पत्र** प्रदान किए जाएंगे।
- विद्यालय स्तर पर कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को **प्रशस्ति पत्र** एवं **पदक** द्वारा सम्मानित किया जाएगा।
- **हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन** द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड ही एकमात्र ऐसा हिंदी ओलंपियाड है जिसका अनुमोदन **"केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड"** द्वारा किया गया है।
- अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतियोगियों को **प्रशस्ति पत्र, ट्रॉफी** एवं **नकद पुरस्कार** द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

इस संबंध में अधिक और विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया अनुलग्नक में हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा जारी विवरणिका देखें या www.hindiolympiad.com पर जाएं ।

अतः निवेदन है कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली इस प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु अधिकाधिक विद्यार्थियों को प्रोत्साहित कर, हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार एवं विकास में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करें।

धन्यवाद ।

भवदीय,

(श्याम कुमार)
क्षेत्रीय अधिकारी

संलग्नक : उपरोक्तानुसार

क्षेत्रीय कार्यालय, टोडरमल मार्ग, अजमेर (राजस्थान) - 305030
Regional Office - Todarmal Marg, Ajmer (Rajasthan) - 305030
फोन / Telephone : +91-145-2627460, 2634100, ई-मेल/E-mail : roajmer.cbse@nic.in